**Series HRL**

Code No. **32/3**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **10** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **10 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# SOCIAL SCIENCE

# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

(i) *There are **29** questions in all. All questions are compulsory.*

(ii) *Marks for each question are indicated against the question.*

(iii) *Questions from serial number **1** to **10** are **1**-mark questions. Answer of these questions may be from **one word** to **one sentence.***

(iv) *Questions from serial number **11** to **18** are **3**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **80** words each.*

(v) *Questions from serial number **19** to **28** are **4**-marks questions. Answer of these questions should not exceed **100** words each.*

(vi) *Question number **29** is a map work question. Attach the map inside your answer book.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *कुल **29** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **एक शब्द** अथवा **एक वाक्य** से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **11** से **18** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(v) *प्रश्न संख्या **19** से **28** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं । इन प्रश्नों का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **29** मानचित्र से संबंधित प्रश्न है । दिया गया मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के भीतर संलग्न कीजिए ।*

**1.** Name any two well-known social reformers who worked for the casteless society. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

किन्हीं दो प्रमुख समाज सुधारकों के नाम बताइए जिन्होंने जातिरहित समाज के लिए काम किया ।

**2.** What is the need of rain-water harvesting ? *1*

वर्षा-जल संग्रहण की क्या आवश्यकता है ?

3. Define the term 'mineral'.
'खनिज' शब्द की परिभाषा दीजिए । *1*

4. Mention any two ways in which consumers are exploited in the market.
किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख कीजिए जिनके द्वारा उपभोक्ताओं का बाज़ार में शोषण किया जाता है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

5. State the main provision of the 'Equal Wages Act'.
'समान मजदूरी अधिनियम' का मुख्य प्रावधान बताइए । *1*

6. Name the oldest Japanese book printed in 868 A.D. *1*

**OR**

Name the two countries of Western Europe where the novel first took firm root. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

सन् 868 ई. में छपी जापान की सबसे पुरानी पुस्तक का नाम बताइए ।

**अथवा**

पश्चिमी यूरोप के दो देशों के नाम बताइए जहाँ उपन्यास ने पहले-पहल जड़ें जमाईं ।

7. Mention the ideology of Indian National Congress.
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा का उल्लेख कीजिए । *1*

8. Why did the consumer movement start in India ?
भारत में उपभोक्ता आंदोलन क्यों प्रारम्भ हुआ ? *1*

9. Mention any one provision of the Consumer Protection Act, 1986.
उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के किसी एक प्रावधान का उल्लेख कीजिए । *1*

10. Mention the two types of good quality iron ore found in India. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$
भारत में पाए जाने वाले दो प्रकार के अच्छी गुणबत्ता वाले लौह अयस्कों के नाम बताइए ।

11. Describe briefly the 'Salt March' undertaken by Mahatma Gandhi. *3*
महात्मा गांधी की 'नमक यात्रा' का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

12. What are public interest groups ? How do they look after the public interests ? Explain.
जन-सामान्य हित समूह क्या हैं ? ये जन-सामान्य के हितों का संरक्षण किस प्रकार करते हैं ? स्पष्ट कीजिए । *1+2=3*

**Note :** *Below are given **three** Groups A, B and C for questions number 13 and 14. Select any **one** group for answering these two questions.*

**नोट :** *प्रश्न संख्या 13 और 14 के लिए नीचे क, ख और ग **तीन** समूह दिए गए हैं । इन दोनों प्रश्नों के उत्तर के लिए किसी **एक** समूह को ही चुनिए ।*

## GROUP A
## समूह क

**13.** Explain any three problems faced by the Indian cotton weavers by the turn of the nineteenth century. *3×1=3*

उन्नीसवीं सदी के आते-आते भारतीय कपास बुनकरों के समक्ष उपस्थित किन्हीं तीन समस्याओं को स्पष्ट कीजिए ।

**14.** Explain the social changes which led to the need for the underground railways in London. *3×1=3*

लन्दन में आए उन सामाजिक परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए, जिनके कारण भूमिगत रेलमार्गों की आवश्यकता पड़ी ।

## GROUP B
## समूह ख

**13.** How was the food problem solved in Britain after the scrapping of the 'Corn Laws' ? Explain. *3×1=3*

'कॉर्न लॉ' के निरस्त होने के बाद ब्रिटेन में खाद्य समस्या का हल किस प्रकार हुआ ? स्पष्ट कीजिए ।

**14.** What was the tradition of 'London Season' ? Explain different forms of entertainment that came up in nineteenth century England to provide leisure activities for the people. *1+2=3*

'लंदन सीज़न' की परम्परा क्या थी ? लोगों को मनोरंजन के अवसर उपलब्ध कराने के लिए इंग्लैण्ड में उन्नीसवीं सदी में अपनाए गए मनोरंजन के विभिन्न रूपों को स्पष्ट कीजिए ।

## GROUP C
## समूह ग

**13.** Describe briefly the effects of Rinderpest in Africa in the 1890s. *3×1=3*

अफ्रीका में 1890s के दशक में फैली रिंडरपेस्ट (मवेशी प्लेग) नामक बीमारी के प्रभावों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

**14.** Explain the impact of the First World War on Indian industries. *3×1=3*

भारतीय उद्योगों पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए ।

**15.** Explain how print culture had assisted the growth of nationalism in India in nineteenth century. *3×1=3*

**OR**

In what ways were novels in colonial India useful for both the colonisers as well as the nationalists ? Explain. *3×1=3*

मुद्रण संस्कृति ने उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में राष्ट्रवाद के विकास में किस प्रकार सहायता की, स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

औपनिवेशिक भारत में उपन्यास किस प्रकार उपनिवेशकारों और राष्ट्रवादियों दोनों के लिए लाभदायक थे ? स्पष्ट कीजिए ।

**16.** Study the given passage carefully and answer the questions that follow : *1+2=3*

Satyagraha is not physical force. A *satyagrahi* does not inflict pain on the adversary; he does not seek his destruction ... In the use of *satyagraha*, there is no ill-will whatever.

Satyagraha is pure soul-force. Truth is the very substance of the soul. That is why this force is called satyagraha. The soul is informed with knowledge. In it burns the flame of love ... Non-violence is the supreme *dharma* ...

It is certain that India cannot rival Britain or Europe in force of arms. The British worship the war-god and they can all of them become, as they are becoming, bearers of arms. The hundreds of millions in India can never carry arms. They have made the religion of non-violence their own ...

(16.1) What is the main difference between physical force and soul force ? *1*

(16.2) Why can't Indians carry arms ? Explain. *2*

दिए गए अनुच्छेद का सावधानीपूर्वक अध्ययन करिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सत्याग्रह शारीरिक बल नहीं है । *सत्याग्रही* अपने शत्रु को कष्ट नहीं पहुँचाता; वह अपने शत्रु का विनाश नहीं चाहता ... । *सत्याग्रह* के प्रयोग में दुर्भावना के लिए कोई स्थान नहीं होता ।

सत्याग्रह तो शुद्ध आत्मबल है । सत्य ही आत्मा का आधार होता है । इसीलिए इस बल को सत्याग्रह का नाम दिया गया है । आत्मा ज्ञान से हमेशा लैस होती है । इसमें प्यार की लौ जलती है ... । अहिंसा सर्वोच्च *धर्म* है ... ।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत विनाशकारी शस्त्रों के मामले में ब्रिटेन या यूरोप का मुक़ाबला नहीं कर सकता । अंग्रेज़ युद्ध के देवता की उपासना करते हैं और वे सब हथियारों से लैस हो सकते हैं, होते जा रहे हैं । भारत में करोड़ों लोग कभी हथियार लेकर नहीं चल सकते । उन्होंने अहिंसा के धर्म को आत्मसात् कर लिया है ... ।

(16.1) शारीरिक बल और आत्मबल में मुख्य अन्तर क्या है ?

(16.2) भारतवासी हथियार लेकर क्यों नहीं चल सकते ? स्पष्ट कीजिए ।

**17.** Compare India and Sri Lanka on the basis of any three indicators of Human Development Index for 2004. *3×1=3*

2004 के मानव विकास सूचकांक के किन्हीं तीन सूचकों के आधार पर भारत और श्री लंका की तुलना कीजिए ।

**18.** How do industries pollute air and water ? Explain with examples. $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$

उद्योग वायु और जल को किस प्रकार प्रदूषित करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

**19.** Describe any four aspects of life in which women are discriminated in Indian society. *4×1=4*

जीवन के किन्हीं चार पहलुओं का वर्णन कीजिए जिनमें भारतीय समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है ।

**20.** Classify resources on the basis of ownership into four categories. Mention the main feature of each. *4×1=4*

स्वामित्व के आधार पर संसाधनों को चार वर्गों में वर्गीकृत कीजिए । प्रत्येक वर्ग की एक-एक मुख्य विशेषता का उल्लेख कीजिए ।

**21.** Explain any four measures introduced by French Revolutionaries to create a sense of collective identity among the people of France. *4×1=4*

**OR**

Explain any four challenges faced by the 'New Republic of Vietnam' after 1945. *4×1=4*

फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों द्वारा फ्रान्सीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए प्रारम्भ किए गए किन्हीं चार उपायों की व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

सन् 1945 के बाद 'नए वियतनाम गणराज्य' के सामने आईं किन्हीं चार चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।

**22.** Look at the given picture carefully and answer the questions that follow : *1+2+1=4*



(22.1) Name the crop shown in the picture.

(22.2) State the climatic conditions required for cultivation of this crop.

(22.3) Name the two major regions of growing this crop.

ऊपर दिए गए चित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(22.1) चित्र में दिखाई गई फसल का नाम बताइए ।

(22.2) इस फसल की कृषि के लिए आवश्यक जलवायु सम्बन्धी दशाओं का उल्लेख कीजिए ।

(22.3) इस फसल के दो प्रमुख उत्पादक प्रदेशों के नाम बताइए ।

**Note :** *The following question is for the* **Blind Candidates only,** *in lieu of Q. No. 22.*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** *के लिए प्रश्न संख्या 22 के स्थान पर है ।*

Explain briefly any four features of intensive subsistence farming in India. *4×1=4*

भारत में गहन जीविका कृषि की किन्हीं चार विशेषताओं को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

**23.** Explain any four features of the third-tier of government. *4×1=4*

सरकार के तृतीय-स्तर की किन्हीं चार विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

**24.** What are multinational companies ? How do they control production in other countries ? Explain with examples. *1+3=4*

बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ क्या हैं ? ये अन्य देशों में उत्पादन पर किस प्रकार नियंत्रण करती हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

**25.** What is unorganised sector ? Describe the working procedure of this sector. *1+3=4*

असंगठित क्षेत्रक क्या होता है ? इस क्षेत्रक की कार्यविधियों का वर्णन कीजिए ।

**26.** Explain how democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens. *4×1=4*

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शान्ति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए किस प्रकार सहायक होती हैं, स्पष्ट कीजिए ।

**27.** Which are the two major sources of formal sector credit in India ? Why do we need to expand formal sources of credit ? *1+3=4*

भारत में औपचारिक क्षेत्रक ऋण के दो प्रमुख स्रोत कौनसे हैं ? हमें ऋण के औपचारिक स्रोतों को बढ़ाने की क्यों आवश्यकता है ?

**28.** How do physical and economic factors influence the distribution pattern of the Indian Railway network ? Explain with examples. *2+2=4*

भारतीय रेल-जाल के वितरण प्रतिरूप को भौतिक एवं आर्थिक कारक किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

29. Six features with serial numbers (1) to (6) are marked in the given political outline map of **India** (on page 11). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : *6×1=6*

(1) A region of large scale industries in 1931

(2) A centre of overseas trade during seventeenth century

(3) A Bauxite Mine

(4) A Mica Mine

(5) A Woollen Textile Centre

(6) Terminal station of East-West Corridor

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the given political outline map of **India** (on page 12) : *6×1=6*

(1) Chauri-Chaura

(2) Bardoli

(3) Koyna – Dam

(4) Rawat Bhata – Nuclear Power Plant

(5) Salem – Iron and Steel Plant

(6) Bhubaneshwar – Software Technology Park

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 11 पर) में क्रम संख्या (1) से (6) द्वारा छः लक्षण अंकित किए गए हैं । नीचे दी गई जानकारी की मदद से इन लक्षणों को पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र में अंकित रेखाओं पर लिखिए :

(1) 1931 में बड़े पैमाने के उद्योगों का एक प्रदेश

(2) सत्रहवीं सदी में विदेशी व्यापार का एक केन्द्र

(3) बॉक्साइट की एक खान

(4) अभ्रक की एक खान

(5) ऊनी वस्त्र उद्योग का एक केन्द्र

(6) पूर्व-पश्चिम गलियारे के अन्तिम सिरे का नगर

**अथवा**

दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में निम्नलिखित मदों को उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए :

(1) चौरी-चौरा

(2) बारदोली

(3) कोयना – बाँध

(4) रावत भाटा – परमाणु ऊर्जा संयंत्र

(5) सेलम – लोहा और इस्पात संयंत्र

(6) भुवनेश्वर – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

***Note :*** *The following questions are for the* ***Blind Candidates only,*** *in lieu of Q. No. 29.*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं ।*

(29.1) Name any one large scale industrial region developed in 1931 on the western coast of India.

(29.2) Name any one important overseas trade centre of seventeenth century located on the eastern coast of India.

(29.3) Name the state where Rawat Bhata Nuclear Plant is located.

(29.4) In which state is Koyna Dam located ?

(29.5) Name the Software Technology Park of Orissa.

(29.6) Which is the easternmost city of East-West Corridor ? *6×1=6*

(29.1) सन् 1931 में भारत के पश्चिमी तट पर विकसित किसी एक बड़े पैमाने के औद्योगिक प्रदेश का नाम बताइए ।

(29.2) भारत के पूर्वी तट पर स्थित सत्रहवीं सदी के किसी एक महत्त्वपूर्ण विदेशी व्यापार केन्द्र का नाम बताइए ।

(29.3) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ रावत भाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(29.4) कोयना बाँध किस राज्य में स्थित है ?

(29.5) उड़ीसा के सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए ।

(29.6) पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पूर्वी नगर कौनसा है ?